उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 04 आश्विन, शक संवत्, 1940

**( दिनांक : 20 सितम्बर, 2018 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी ''**क**'')

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )

3. निधन के निदेश।

4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के ''31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन'' (संख्या-1 वर्ष 2018) को सदन के पटल पर रखेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

5. सभापति, प्राक्कलन समिति, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्राक्कलन समिति का वर्ष 2009-10 द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2011 को विधान सभा में ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित प्रस्तुत प्रतिवेदन में निहित संस्तुतियों पर ऊर्जा विभाग से प्राप्त कार्यान्वयन आख्या (ए0टी0आर0) का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

6. उपाध्यक्ष, याचिका समिति, उत्तराखण्ड विधान सभा की यचिका समिति का प्रतिवदेन प्रस्तुत करेंगे।

7. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

8. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम धर्मपुर में मेन रोड तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री लोकेश कोठारी पुत्र श्री हरपाल ग्राम धर्मपुर पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम धर्मपुर गांव में रामस्वरूप के खेत से मुख्य मार्ग तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री पवन पुत्र श्री सीताराम ग्राम धर्मपुर पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इकबालपुर तांशीपुर मार्ग से धर्मपुर पाडली गेंदा कमेलपुर सलेमपुर लिंक रोड का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सौरभ पुत्र श्री चरण सिंह ग्राम तांशीपुर पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कमेलपुर ग्राम में शिवमंदिर व भूमिया खेड़ा का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री आनन्द कुमार पुत्र श्री कलीराम ग्राम कलेमपुर पो0 सलेमपुर राजपुताना, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कमेलपुर से बन्दाखेडी तक पी0 सी0 रोड के सम्बन्ध में'' श्री देवेन्द्र पुत्र श्री जगदीश ग्राम केमेलपुर पो0 सलेमपुर राजपुताना, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कुमराडी खाले पुल से सढोला माजरा के रोड तक तथा सढोली से देवबन्द रोड तक पी0 सी0सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री पोपीन पुत्र श्री राजपाल ग्राम कुमराडी पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम गदर जुड्डा में शेशवाली मन्दिर से रजवाहे तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री सोनू पुत्र श्री रामकुमार ग्राम गदर जुड्डा पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सढौली से सढौला माजरा तक पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रमणीत पुत्र श्री किशनपाल ग्राम सढौली पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में निजी स्टेडियम का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सिंह पुत्र श्री कुॅवरपाल सिंह ग्राम डेलना पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कृष्ण नगर, प्रेमनगर, शिवपुरम व सलेमपुर में 33000 वोल्ट एवं 1100 वोल्ट की लाईन विद्युत लाइनों को अण्डर ग्राउन्ड करने के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सैनी पुत्र श्री सुरेन्द्र सैनी ग्राम सलेमपुर पो0 सलेमपुर खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम दहियाकि में सिंचाई उपखण्ड द्वारा नालियों का निर्माण कार्य कराने के सम्बन्ध मे'' श्री प्रदीप पुत्र श्री रतन सिंह ग्राम दहियाकि पो0 गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम अकबरपुर झोझा में रा0 प्रा0 वि0 का सौन्दर्यीकरण व उच्चीकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री अरशद पुत्र श्री हुसैन अली ग्राम अकबरपुर झोझा पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मुण्डियाकि में सिंचाई उपखण्ड द्वारा नाली का नवीनीकरण कार्य कराने के सम्बन्ध में'' श्री शिव कुमार पुत्र श्री ताराचन्द ग्राम मुण्डियाकि पो0 गुरूकुल, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम साबतवाली में नलकूप की समस्या के सम्बन्ध मे'' श्री बालेन्द्र सिंह पुत्र श्री लाल सिंह ग्राम साबतवाली पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में सिंचाई उपखण्ड में राजवाही नं0-05 से राजवाहें तक नाली निर्माण का कार्य कराने के सम्बन्ध में'' श्री राहुल कुमार पुत्र श्री प्रेम ग्राम तांशीपुर पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम प्रेमनगर में ए0 डी0 बी0 का कार्य पूर्णरूप से पूर्ण करने के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सैनी पुत्र श्री सुरेन्द्र सैनी ग्राम सलेमपुर पो0 सलेमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के हीराहेडी में प्रकाश के मकान से विक्रम की दुकान तक 303X4 मी0 सी0 सी0 रोड के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप पुत्र श्री देवीचन्द ग्राम हीराहेडी पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम थिथकि में सिंचाई सम्बन्धित समस्या के सम्बन्ध में'' श्री नवीन कर्णवाल पुत्र श्री नरेन्द्रपाल ग्राम थिथकि पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के गौरा देवी कन्या धन योजना में 1000 का आय प्रमाण पत्र मांगे जाने के बाद भी लाभ न मिलने के सम्बन्ध में'' श्री सुमित कुमार पुत्र श्री सतबीर सिंह ग्राम थिथकि पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम थिथकि में राजवाहे नं0- 05 से थिथकि तक सिंचाई उपखण्ड से नाली निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री नवीन कर्णवाल पुत्र श्री नरेन्द्रपाल ग्राम थिथकि पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भरतपुर में रा0 प्रा0 विद्यालय से समय सिंह के खेत से होती हुई सेक्टर शमशान घाट तक 500X4 मी0 सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री जगपाल पुत्र श्री रायला ग्राम भरतपुर पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पनियाला में मेन चौराहा से लेकर खाले तक 600X1.5 मी0 सी0 सी0 मी0 नाला निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सिंह पुत्र श्री कवरपाल ग्राम डेलना पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा में पानी की टंकी सुचारू रूप से चलाने के सम्बन्ध में'' श्री फूल कुमार पुत्र श्री लमखान ग्राम लाठरदेवा, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण में ऋषिपाल के मकान से अजय के मकान तक 400X4 मी0 सी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री आदेश पुत्र श्री मलखान ग्राम लाठरदेवा हूण, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर इकबालपुर मार्ग से हिश हेडी डेलना को होते हुए झबरेड़ा इकबालपुर मार्ग तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री योगेश चौधरी पुत्र श्री नरेश ग्राम डेलना, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हीराहेडी में रा0 प्रा0 विद्यालय के उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री अरविन्द पुत्र श्री मांगेराम ग्राम हीराहेडी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम थीथकी कवादपुर में नव निर्माण रविदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री नवीन पुत्र श्री नरेन्द्रपाल ग्राम थीथकी, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सढौली में मैन सड़क पर संजय के खेत की ओर पुलिया निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री संजय कुमार पुत्र श्री राजकुमार ग्राम सढौली पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम धर्मपुर में इकबालपुर तांशीपुर मार्ग से धर्मपुर ग्राम तक 1500X3.5 मी0 पी0 सी0 सड़क का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री सतीश पुत्र श्री हरपाल ग्राम धर्मपुर, पो0 इकबालपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

37. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबीरण में रा0 प्रा0 विद्यालय का उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री सुधीर पुत्र श्री फुल सिंह ग्राम झबीरण, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

38. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबीरण में पानी की टंकी लगवाने के सम्बन्ध में'' श्री धीर सिंह पुत्र श्री चौहल सिंह ग्राम झबीरण, पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लाठरदेवा हूण में रविदास मंदिर से विनोद के मकान तक 1400X4 मी० सी० सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री फूल कुमार पुत्र श्री शेर सिंह ग्राम लाठरदेवा हूण, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम अकबरपुर फाजिलपुर में मेन अड्डे से लेकर सतेन्द्र के घर की ओर पी0 सी0 सड़क का निर्माण कराने के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप त्यागी पुत्र श्री महेन्द्र पाल ग्राम अकबरपुर फाजिलपुर पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खुन्डेवाली में अकबरपुर गैस एजैन्सी से खुन्डेवाली ग्राम तक 1.5 कि0मी0 पी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री बून्दीराम ग्राम खुन्डेवाली पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में इकबालपुर तांशीपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अरविन्द ग्राम तांशीपुर, पो0 खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम खरखडी दयाला में सिंचाई उपखण्ड से 55 कि0मी0 ट्यूबवैल से तेजपाल सिंह के खेत तक सी0 सी0 नाली निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री विजयपाल पुत्र श्री दिलेहराम ग्राम खरखड़ी पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कोटवाल से लाठरदेवा हूण को होते हुए आसफ नगर झाल नहर की पटरी का निर्माण पी0 सी0 रोड़ के सम्बन्ध में'' श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री रूप चन्द ग्राम कोटवाल पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम दहियाकि में पानी की टंकी के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप पुत्र श्री ग्यान सिंह ग्राम दहियाकि, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शिवपुरम पश्चिम में सर्वन्त स्कूल से पहले की ओर पण्डित गंगा प्रसाद के मकान तक सी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री दीपक सैनी पुत्र श्री सुरेन्द्र सैनी ग्राम शिवपुरम पश्चिम, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुसाडा में सोमपाल के खेत से करम सिंह के खेत तक 01 कि0मी0 लिंक रोड निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री चरण पुत्र श्री सुलेख चन्द ग्राम सुसाडा, पो0 सरस्वती नगर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

48. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इकबालपुर रोड में मूलेवाला तक पी0 सी0 सड़क का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री रणधीर पुत्र श्री जयसिंह ग्राम मूलेवाला गांव, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कोटवाल से बास्वाखेडी की ओर पी0 सी0 सड़क का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री तेजपाल ग्राम कोटवाल, पो0 खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम दहियाकि में नसीरपुर रास्ते से माता पर से जी0 टी0 रोड तक लिंक रोड निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप पुत्र श्री रतन सिंह ग्राम दहियाकि, पो0 गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम नोबतपुर मुलेवाला में हिराहेडी मेन रोड से बल्लू प्रधान के ट्यूवैल तक सी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री ऋषिपाल पुत्र श्री मोहर सिंह ग्राम नौबतपुर मूलेवाला, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हिराहेडी में शमशान घाट से लेकर फाजलपुर रोड़ तक सी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री प्रदीप पुत्र श्री देवीचन्द ग्राम हिराहेडी पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हिराहेडी से भुल्लेवाला सेक्टर तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री ओमपाल पुत्र श्री सुखपाल ग्राम हिराहेडी, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सैदपुरा में भूमिया खेडा से राजे खेत तक सी0 सी0 सड़क के सम्बन्ध में'' श्री तेजपाल पुत्र श्री रणजीत ग्राम सैदापुरा पो0 मंगलौर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

55. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम हेश्यामपुर मे आन्तरिक गलियों के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री राहुल पुत्र श्री विनोद ग्राम हेश्यामपुर पो0 शेरपुर खेलमऊ, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

56. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लजनौता में बारातघर से गुरूकुल रोड तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री प्रवेन्द्र पुत्र श्री नेत्रपाल ग्राम लखनौता, पो0 मगदुमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

57. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम तांशीपुर में राजकीय माध्यमिक विद्यालय का उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री राहुल पुत्र श्री प्रेम ग्राम तांशीपुर पो0 तांशीपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

58. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम लखनौता में आंगनबाडी केन्द्र से शेरपुर रोड तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री प्रवेन्द्र पुत्र श्री नेत्रपाल ग्राम लखनौता पो0 मक्दुमपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

59. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम झबरेडी कला से हनुमान मंदिर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री राजबल पुत्र श्री देवी शाह ग्राम झबरेडी कला, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

60. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सोहलपुर गाडा में शमशान घाट की चारदीवारी का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री सचिन पुत्र श्री शरमानन्द ग्राम सोहलपुर गाड़ा पो0 नन्हेडा अन्नतपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

61. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर में मिट्‌ठीबेड़ी-परवल मार्ग की चौडीकरण के सम्बन्ध में'' श्री पूर्णानन्द पैन्यूली पुत्र स्व0 श्री सुरेशानन्द पैन्यूली जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

62. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कोटवाल आलमपुर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का उच्चीकरण के सम्बन्ध में'' श्री सुशील पुत्र श्री विपाल ग्राम कोटवाल आलमपर, पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

63. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर में ढाकोवाली रोड़ से ट्रेड़ नदी पर आने वाले रास्ते पर आवागमन हेतु पुल की स्वीकृति के सम्बन्ध में'' श्री काशीराम पुत्र स्व0 श्री गुरियाराम जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

64. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर ग्राम शंकरपुर के अन्तर्गत बालाजी मन्दिर के पास चोरखाल पर आने वाले मार्ग पर आवागमन हेतु पुल की स्वीकृति के सम्बन्ध में'' श्री राजकमल रावत पुत्र श्री भज्जू सिंह रावत जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

65. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर ग्राम पंचायत कोटरा, कल्याणपुर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसणी के उच्चीकरण हेतु स्वीकृति के निर्देश देने के सम्बन्ध में'' श्री राजपाल सिंह पंवार पुत्र श्री मोहन सिंह पंवार जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

66. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर ग्राम पंचायत शेरपुर कें अन्तर्गत हिमाचली बस्ती पर आने वाले रास्ते पर काजुआ व मार्ग निर्माण हेतु स्वीकृति के निर्देश देने के सम्बन्ध में'' श्रीमती मीना देवी पति श्री कुलतार सिंह, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

67. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर ग्राम पंचायत मिसरासपट्टी के अन्तर्गत उक्त खाले पर झूला पुल स्वीकृति के निर्देश देने के सम्बन्ध में'' श्री वीर सिंह रावत पुत्र श्री भाव सिंह जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

68. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पनियाली में बारात घर का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री बिजेन्द्र पुत्र श्री चन्दरपाल ग्राम पनियाली पो0 पनियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

69. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम भग्तोवाली में दिलेराम की चरखी से मोल्हड की ट्यूबवैल की ओर मैन सड़क सी0 सी0 निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री सोनु पुत्र श्री सतपाल ग्राम ग्राम भगतोवाली पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

70. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण कराने के सम्बन्ध में'' श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री इकबाल सिंह ग्राम शेरपुर पो0 खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

71. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में सुदेश चौ0 के मकान से ट्रांसफार्मर की ओर सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री मनोज पुत्र श्री इकबाल सिंह ग्राम वे पो0 शेरपुर खेलमऊ जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

72. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम कमेलपुर में वाल्मिकी बस्ती से शिव मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री अनुज कुमार पुत्र श्री पप्पु सिंह ग्राम कमेलपुर पो0 झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

73. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम इकबालपुर लाठरदेवा मार्ग से खाताखेडी तक लिंक रोड पी0 सी0 सड़क का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री केवल पुत्र श्री रमेश ग्राम खाताखेड़ी झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

74. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में विजेन्द्र के मकान से सोम प्रकाश के मकान की ओर सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री विजेद्र पुत्र श्री नैन सिंह ग्राम शेरपुर पो0 खास, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

75. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम सुसाडी खुर्द गोकलपुर में देवबन्द मार्ग से रतन देवी के खेत से बन्दरखुड्डा सम्पर्क मार्ग तक सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री शिवकुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र ग्राम सुसाड़ी खुर्द पो0 लखनौता, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

76. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम मतलबपुर में गोगा महाडी का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में'' श्री सचिन पुत्र श्री विजय सिंह ग्राम मतलबपुर पो0 रूड़की, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

77. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम पाडली गेन्दा में रेलवे फाटक से इनाम के मकान की ओर सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री सकील पुत्र श्री मुस्तफा ग्राम मतलबपुर पो0 रूड़की, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

78. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम माधोपुर में शराफत के घर से सोहलपुर सरकडी तक सी0 सी0 सड़क निर्माण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री जीतेन्द्र पुत्र श्री राम निवास ग्राम माधोपुर पो0 सालियर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

79. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम जमालपुर खुर्द में मेन सड़क से शमशान घाट तक सड़क का नवनिर्माण एवं नाले पर स्थित मुख्य पुलिया का चौड़ीकरण कार्य के सम्बन्ध में'' श्री लाल सिंह पुत्र श्री मोल्हड सिंह ग्राम जमालपुर खुर्द जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

80. श्री सुरेश राठौर, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत पथरी पावर हाउस बहादराबाद से आगे नहर के किनारे कि क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण कार्य किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री रणधीर सिंह पुत्र श्री सुरवीर ग्राम सांईधम कालोनी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

81. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

82. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

83. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

84. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''ग''**)

85. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

86. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

87. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

88. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

89. शहरी विकास मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

90. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

91. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 पारित किया जाय।

92. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

93. जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत आयी भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को मुआवजा/आपदा कार्यों में हो रहे विलम्ब से व्याप्त जनाक्रोश के सम्बन्ध में, श्रीमती मुन्नी देवी शाह, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

94. जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा सलगड़ा तथा हरिनगर, विकास खण्ड गरुड़ में विगत समय से गुलदार द्वारा बच्चों के शिकार बनने से ग्रामीणों में वन विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश के सम्बन्ध में, श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, वन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक :19 सितम्बर, 2018**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

| द्वितीय सत्र, 2018 का प्रथम गुरूवार |
| --- |

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

गुरूवार,

आश्विन 04, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 20 सितम्बर 2018 )

नत्थी 'क'

उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

श्री खजानदास
05.02.2018

*1. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त

क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में शिक्षा का अधिकार अधिनियम कब से लागू हुआ है तथा उसमें प्रवेश हेतु क्या अर्हतायें है ? क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगें कि अधिनियम के लागू होने से अब तक जनपद/विद्यालयवार उक्त अधिनियम में कुल कितने छात्र–छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर चुके है तथा कितने वर्तमान में शिक्षारत है? क्या विद्यालय में अधिनियम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं के पते तथा उनके पिता/अभिभावकों के पते, आय, बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**

नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.06.2018 | *1 क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि (एम0एस0डी0पी0) योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने महाविद्यालय स्थापित हुए है तथा क्या उनमें राज्य सरकार द्वारा शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति कर उन्हें संचालित कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2018 | *2 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा–दीक्षा की समुचित सुविधा न होना पलायन का मुख्य कारण बनता जा रहा है? अच्छी शिक्षा सुविधा के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों से निरन्तर कस्बों व शहरों की ओर पलायन हो रहा है, जिससे गांव–गांव प्रतिदिन खाली होते जा रहे है? सरकार बतायेगी कि पर्वतीय क्षेत्रों में नौनिहालों की समुचित शिक्षा दीक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07.06.2018 | *3 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 05 से 11 वर्ष तक उम्र के ड्राप आउट बच्चों की जनपदवार संख्या शैक्षिक सत्र 2015–16 में क्या थी, और वर्ष 2016–17 में क्या थी? सरकार द्वारा ड्राप आउट को कम करने के लिए क्या–क्या उपाय किये गये अथवा किये जा रहे है, तथा किये गये उपायों से वर्षवार तथा जनपदवार ड्राप आउट में सुधार आया? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.06.2018 | *4 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार कृषि को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के सरकारी स्कूलों एवं कालेजों में कृषि पाठयक्रम प्रारम्भ कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>11.06.2018 | *5 क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूरे प्रदेश से कुल कितने आशासकीय सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रान्तीयकरण के प्रस्ताव शासन में लम्बित है? इन प्रस्तावों पर क्या सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>13.06.2018 | *6 क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ऐसे कितने विद्यालय है, जिनमें सफाई कर्मचारी के पद सृजित है, तथा उसके सापेक्ष कितने सफाई कर्मी नियुक्त है? क्या सभी विद्यालयों में सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की सरकार की योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.06.2018 | *7 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शौचालय सुविधा उपलब्ध है? यदि नहीं तो अभी तक शौचालय न बनने के क्या कारण है तथा शौचालय विहीन विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है? क्या सरकार द्वारा राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शौचालयों का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.06.2018 | *8 क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निकायों के सीमा विस्तार के कारण कुल कितनी ग्राम पंचायतों का वजूद पूर्ण तथा आंशिक रूप से खत्म हुआ है? जनपदवार उन ग्राम पंचायतों का विवरण क्या है? निकायों के परिसीमन से प्रभावित ग्राम पंचायतों का क्या पुर्नगठन करा लिया गया है? यदि हां, तो अब तक उनका स्वरूप व स्थिति क्या बनी है? क्या मंत्री जी बतायेगें कि पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में जनसंख्या के मानक क्या होगें और पुर्नगठन/परिसीमन कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>20.06.2018 | *9 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकार के निर्णय के अनुसार राज्य के विद्यालयों में एन0सी0ई0आर0टी0 ;छण्ब्म्ण्त्ण्ज्ण्द्धकी पुस्तकों पर आधारित पाठ्यक्रम लागू किया जाना है, किन्तु इन पुस्तकों की छपाई में अनावश्यक बिलम्ब के कारण पठन–पाठन कार्य बाधित हो रहा है? यदि हां, तो सरकार के निर्णय के अनुसार राज्य के विद्यालयों में किताबों की छपाई में बिलम्ब के क्या कारण है, और उनसे निपटने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये है? कक्षा–1 से कक्षा–8 के जिन विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें दी जानी है, उन्हें कब तक ये किताबें उपलब्ध करा दी जायेगी? | शिक्षा |
| काजी मौ0निजामुद्दीन<br>11.07.2018 | *10 क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है? इसके मानक क्या तय किये गये है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि प्रदेश में वर्तमान में किस स्थान पर कितने–कितने प्रशिक्षक व किस स्थान पर कितने–कितने खिलाड़ियों को खेल हेतु प्रशिक्षण दे रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.07.2018 | *11 क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकार द्वारा प्रदेश में उच्च शिक्षा चयन बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया था? यदि हां, तो इस संबंध में अद्यतन प्रगति क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2018 | *12 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा के ओखलकाण्डा ब्लाक के रा0प्रा0विद्यालय डुगरी के भवन की स्थिति जीर्ण–शीर्ण बनी हुई है, जिस कारण वहां पर बच्चों को खतरा बना हुआ है? क्या सरकार उक्त भवन का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2018 | *13 | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा के ओखलकाण्डा ब्लाक के रा0उच्च प्राथमिक विद्यालय रीखाकोट के भवन की छत व दीवारें पूरी खराब हो चुकी है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भवन का निर्माण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>20.08.2018 | *14 | क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगें कि प्रदेश में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में किस–किस विद्यालय को भवन आवास निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध हो गयी है, तथा किस–किस विद्यालय में निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है? विद्यालयवार निर्माण कार्य हेतु औचित्य पूर्ण लागत क्या है? वर्ष 2017–18 तक निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि विद्यालयवार अवमुक्त हुई है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण के भवन आवास निर्माण की औचित्य पूर्ण लागत क्या है, तथा वर्ष 2017–18 तक कितनी धनराशि निर्माण कार्यों हेतु अवमुक्त हुई है? क्या मंत्री जी अवगत है कि आवासीय व पठन–पाठन व्यवस्था सुचारू न होने के कारण विद्यालय में स्वीकृत 210 छात्रों की जगह मात्र 109 छात्र ही कठिन विषम परिस्थिति में पढ़ाई कर रहे है, तथा अभिभावक निरन्तर अपने बच्चों को विद्यालय से निकाल रहे है? भवन निर्माण व आवासीय निर्माण हेतु सरकार एकमुश्त धनराशि या अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध करायेगी तथा कब तक निर्माण कार्य पूर्ण होकर विद्यालय अपने भवनों पर संचालित हो सकेगें? | शिक्षा |
| श्री शक्ति लाल शाह<br>21.08.2018 | *15 | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा घनसाली के कारगिल शहीद दलबीर सिंह राणा राजकीय इण्टर कालेज ठेला नैलचामी के भवन निर्माण की कोई कार्ययोजना तैयार की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>21.08.2018 | *16 | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि वर्ष 2013 में हाईस्कूल से इण्टर तक उच्चीकृत विद्यालयों में कला व विज्ञान वर्ग में पद स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज गैरसैण, रा0इ0का0बरतौली, आगरचट्टी, हरगढ जिनका उच्चीकरण वर्ष 2011 में हुआ इनमें अभी तक 07 वर्ष बाद भी विज्ञान वर्ग में एक भी प्रवक्ता की नियुक्ति क्यों नहीं हुई? क्या सरकार विज्ञान वर्ग में पद स्वीकृत करते हुए प्रवक्ताओं की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.02.2018 | 01. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 09 नवम्बर सन् 2000 को प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के कितने छात्र पंजीकृत थे और ब्लॉक स्तर से शिक्षा निदेशालय सभी वर्ग के अधिकारियों के कुल कितने पद स्वीकृत थे? 30 सितम्बर 2017 को कितने छात्र पंजीकृत है, और अधिकारियों के कुल कितने पद स्वीकृत है? इस अवधि में शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है, अथवा गिरावट आयी है? | शिक्षा |

<u>अतारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>04.06.2018 | 1. उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हेमवती नन्दन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा में स्ववित्त पोषित विषयों (योग एवं बी0एड0) को सामान्य विषय के रूप में संचालित किये जाने हेतु क्या सरकार कोई विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.06.2018 | 2. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है, कि राजकीय महाविद्यालय रूद्रप्रयाग में सैनिक विज्ञान एवं भूगोल विषय खुलवाने की मांग चली आ रही है? क्या सरकार इन विषयों को प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>05.06.2018 | 3. **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित 33 में स्थानान्तरित**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त एवं जनजाति बाहुल्य विधान सभा क्षेत्र खटीमा में जनजाति वर्ग के छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु एकलव्य आवासीय विद्यालय की स्थापना हेतु कोई प्रयास किये जा रहे है? यदि हां, तो अभी तक इस हेतु कौन–कौन से प्रयास किये जा चुके हैं तथा यह कब तक स्थापित हो जायेगा? यदि नहीं, तो एकलव्य आवासीय विद्यालय स्थापित न हो पाने के क्या कारण है? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.06.2018 | 4. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में 2 प्रतिशत ब्याज की दर पर कितने किसानों को कितना ऋण बाटा गया है? उनमें एस0सी0/एस0टी0 एवं ओ0बी0सी0 के किसानों की संख्या कितनी है? क्या मंत्री जी बतायेंगें झबरेडा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य सभी किसानों को ऋण दिये जाने कि सरकार की क्या कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.06.2018 | 5. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत महिला संगठनों/ महिला स्वयं सहायता समूहों को डेयरी उत्पादन योजना के अन्तर्गत कम से कम ब्याज दर पर अनुदान सहित ऋण उपलब्ध कराया जायेगा? ऋण सीमा तथा अनुदान की सीमा क्या होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>06.06.2018 | 6. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगें कि जनपद रूद्रप्रयाग में कितने माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य उ0प्र0निर्माण निगम द्वारा अधूरे छोड़े गये है? क्या सरकार उक्त विद्यालय भवनों का निर्माण पूर्ण करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>06.06.2018 | 7. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने ऐसे इण्टरमीडिएट कालेज है जिनमें इण्टर स्तर पर सिर्फ विज्ञान विषयों की स्वीकृति है, क्या इन विद्यालयों में मानविकी विषयों की स्वीकृति प्रदान करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो स्वीकृति कब | शिक्षा |

तक प्राप्त होगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री भरत सिंह चौधरी
06.06.2018

8. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कुल कितने मान्यता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालय संचालित है तथा इनमें से कितने सरकारी, गैरसरकारी, सरकार द्वारा वित्त पोषित तथा स्व वित्तपोषित निजी श्रेणी के है, इनमें से सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में अध्यापक के कुल कितने पद सृजित हैं तथा उनके सापेक्ष कितने प्राध्यापक कार्यरत है तथा कितने पद रिक्त है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिये सरकार क्या प्रयास कर रही है? यदि हां, तो नियुक्तियां कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों?

संस्कृत शिक्षा

श्री देशराज कर्णवाल
07.06.2018

9. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देश के प्रधानमंत्री जी का आह्वान '' बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं'' को पूरा करने हेतु प्रदेश भर में क्या कन्या महाविद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है, अथवा नहीं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि झबरेडा विधान सभा में कन्या महाविद्यालय खोलने की सरकार की क्या कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07.06.2018

10. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि कृषि को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड, मुख्यालयों में स्थित राजकीय इण्टरमीडिएट कालेजों में कृषि पाठ्यक्रम प्रारम्भ कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07.06.2018

11. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि वर्तमान में पी0आर0डी0 जवानों को प्रतिमाह कितना मानदेय अथवा प्रोत्साहन भत्ता का भुगतान किया जा रहा है? क्या सरकार बढ़ती महंगाई को दृष्टिगत रखते हुए पी0आर0डी0जवानों का मानदेय, प्रोत्साहन भत्ता तथा वर्दी भत्ता बढ़ाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

युवा कल्याण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07.06.2018

12. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि राज्य में सहकारी समितियों के माध्यम से महिला स्वंय सहायता समूह के गठन की जनपदवार स्थिति क्या है? क्या सरकार सहकारिता के माध्यम से गठित उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो वह योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>07.06.2018 | 13. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद रूद्रप्रयाग में राजीव नवोदय विद्यालय के लिये सुमाड़ी नामक स्थान पर भूमि चयनित है, क्या सरकार यहां, पर भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.06.2018 | 14. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में सभी राजकीय महाविद्यालयों में योग विषय को पाठयक्रम का भाग बनाये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.06.2018 | 15. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में मुख्यमंत्री द्वारा 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर देघाट में सल्ट विधान सभा के इण्टर कालेजों में शौचालय के निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि आज समय तक शौचालयों के निर्माण कराये जाने की योजना की प्रगति क्या है? क्या मंत्री जी जनहित/छात्रहित में शीघ्र स्वीकृति प्राप्त शौचालयों का निर्माण करायेंगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.06.2018 | 16. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में 05 सितम्बर, 2017 के शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री जी द्वारा मानिला और मन्हैत दोनों स्थानों पर मिनी स्टेडियम के निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आतिथि तक इनके निर्माण कराये जाने संबंधी क्या प्रगति हुई है? क्या मंत्री जी जनहित में दोनों स्थानों पर मिनी स्टेडियम का शीघ्र निर्माण करायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.06.2018 | 17. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के स्कूलों/कालेजों एवं महाविद्यालयों में शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है? यदि नहीं, तो ऐसे कौन–कौन सी संस्थायें है जहां पर शौचालयों का निर्माण नहीं कराया गया है? क्या जनहित एवं छात्रहित में शीघ्रताशीघ्र सरकार द्वारा शौचालयों का निर्माण कराये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12.06.2018 | 18. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 19 अगस्त, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर देघाट में सल्ट विधान सभा के सभी इण्टर कालेजों में शौचालय का निर्माण कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि आज समय तक शौचालयों के निर्माण कराये जाने की योजना की प्रगति क्या है? क्या मंत्री जी जनहित/छात्रहित में शीघ्र पर्याप्त शौचालयों का निर्माण करायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>12.06.2018 | 19. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में निरन्तर कमी आ रही है, जो एक चिन्ता का विषय है? क्या सरकार की सरकारी स्कूलों की शिक्षा नीति में बदलाव की कोई कार्ययोजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>12.06.2018 | 20. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे है जिनके भवन जीर्ण–शीर्ण हो चुके है, इनकी मरम्मत अथवा नवनिर्माण की क्या कोई कार्ययोजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.06.2018 | 21. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि ग्राम सभा डेलना में राजकीय हाईस्कूल में कक्ष नहीं है? क्या सरकार द्वारा अतिरिक्त कक्षों के बनाये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.06.2018 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राजकीय जूनियर हाईस्कूल सोसाइटी खुर्द में दो अतिरिक्त कक्ष एवं बाउन्ड्री बनाने कि क्या कोई व्यवस्था की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.06.2018 | 23. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में स्थित स्टेडियमों में कोच के कुल कितने स्थायी पद है तथा उनके सापेक्ष कितने स्थायी कोच नियुक्त है? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | खेल |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.06.2018 | 24. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में अनेक प्राथमिक विद्यालय जीर्ण–शीर्ण भवनों में चल रहे है तथा जिनमें दरवाजे, खिड़की, छतें आदि क्षतिग्रस्त है? यदि हां, तो ऐसे विद्यालय भवनों की विकास खण्डवार संख्या क्या है? इन क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत के लिये वित्तीय वर्ष 2017–18 में सरकार द्वारा कितनी राशि उपलब्ध करायी गयी और उसमें से कितनी राशि का उपयोग हुआ? इस मद में वर्ष 2018–19 में यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में विकासखण्डवार कितनी राशि उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है? | शिक्षा |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.06.2018 | 25. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के अनेक प्राथमिक विद्यालयों और इण्टर कांलेजों के भवनों में पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था न होने के कारण पठन–पाठन कार्य बाधित हो रहा है? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा विकासखण्डवार क्या है? वित्तीय वर्ष 2017–18 में इस प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में कितनी राशि उपलब्ध करायी गयी तथा उसमें से कितनी राशि का उपयोग हुआ? इस मद में वर्ष 2018–19 में कितनी राशि उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>19.06.2018 | 26. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि क्या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अनुदान सूची में सम्मिलित करने हेतु नियमावली बनायी गयी अथवा नहीं? यदि हां, तो किस वर्ष तक मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल व इण्टर कालेज अनुदान सूची में सम्मिलित किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.06.2018 | 27. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि खेल महाकुम्भ में ब्लाक, जिला एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में कितनी–कितनी धनराशि खर्च की गयी तथा प्रदेश के कुल कितने खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.06.2018 | 28. **तृतीय सोमवार के अतारांकित–62 में स्थानान्तरित**<br>क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि गर्मियों के मौसम में दूध की मांग बढ़ने के कारण नकली/सिंथेटिक दूध बाजार में आ जाता है? क्या सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई योजना बनाई है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.06.2018 | 29. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने का कार्य पूरा किया गया है? यदि हां, तो कितने पद बैकलॉग के थे? तथा उन सभी पदों पर भर्ती की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.06.2018 | 30. क्या प्रौढ़ शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत सरकार द्वारा क्या–क्या योजना चलायी जा रही है? यदि हां, तो कौन–कौन सी? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रौढ़ शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.06.2018 | 31. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के बैठने हेतु फर्नीचर किन–किन संसाधनों एवं सी0एच0आर0 द्वारा दिया गया है? यदि हां, तो कितने स्कूलों में फर्नीचर वितरित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>26.06.2018 | 32. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के पोखरी विकास खण्ड के राजकीय इण्टर कालेज उडामाडा भवन निर्माण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी चमोली के पत्रांक योजना 5 ख/4375–84/2008–9 दिनांक 01 अगस्त, 2008 के अन्तर्गत शासन को प्रेषित किया गया है? यदि हां, तो उक्त जीर्ण–शीर्ण भवन निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>26.06.2018 | 33. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों में योग विषयक पाठ्यक्रम को सामान्य विषय करने एवं सृजन करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.06.2018 | 34. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के राजकीय प्राथमिक विद्यालय दड़माली का भवन 1991 में आये भूकम्प के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था? क्या यह सत्य है कि विद्यालय के पास मात्र एक कक्ष है, जिस कारण छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार व्यापक जनहित में क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का पुननिर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.06.2018 | 35. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश एस0एम0सी0 के बजाय बच्चों के खाते में धनराशि भेजने का जो निर्णय सरकार ने लिया है वह एस0एम0सी0 की भूमि का सीमित अथवा समाप्त करने हेतु लिया गया है? सरकार ने ऐसी कोई योजना तैयार की है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.06.2018 | 36. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकारी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को पाठ्य पुस्तक क्रय करने हेतु सभी छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी गई है तथा बाजार में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सरकार ने कोई योजना बनाई है अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.06.2018 | 37. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में रा0आ0इण्टर कॉलेज कमांद (थौलधार) जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रवक्ता हिन्दी, गणित, इतिहास और राजनीतिशास्त्र के पद रिक्त चल रहे है जिस कारण छात्र–छात्राओं की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने पत्रांक संख्या–612/शि0/2017 दिनांक 07.10.2017 के माध्यम से रिक्त पदों पर तैनाती का अनुरोध किया गया था? यदि हां, तो क्या रिक्त पदों पर तैनाती की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.06.2018 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में रा0प्रा0वि0 सुरांशु वि0ख0जौनपुर का विद्यालय भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिसकी मरम्मत व पुनर्निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है? क्या सरकार छात्रहित में उक्त क्षतिगस्त व जीर्ण–शीर्ण विद्यालय भवन का मरम्मत व पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.06.2018 | 39. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुटगांव (जौनपुर) में 28 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत है? क्या मंत्री जी को यह जानकारी है कि विद्यालय के पास अपना भवन नहीं है मात्र एक कक्षा–कक्ष में कक्षा एक से पॉच तक के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है? यदि हां, तो विद्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.06.2018 | 40. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कितने ओलम्पिक खेलों को सरकारी प्रोत्साहन प्राप्त है? इनमें से कितने खेलों के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2017–18 में मैडल प्राप्त किये है? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.07.2018 | 41. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें, कि प्रदेश में वर्ष 2017–18 में कुल कितने तदर्थ कोच नियुक्त किये गये थे? क्या सरकार स्थायी कोच नियुक्त करने हेतु कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.07.2018 | 42. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सहकारिता के माध्यम से गठित उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह को प्रोत्साहित करने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.07.2018 | 43. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि जिन सहकारी संस्थाओं का कार्यकाल निकट भविष्य में समाप्त होने जा रहा है? उनके चुनाव निर्धारित समय पर नहीं कराये जा रहे है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि चुनाव कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सहकारी संस्थाओं में प्रशासक नियुक्त किये जायेंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.07.2018 | 44. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पी0आर0डी0 के जवानों को प्रतिमाह कितना मानदेय दिया जा रहा है? क्या सरकार यह भत्ता बढ़ाने तथा वर्दी आदि अन्य सुविधाऐं दिये जाने हेतु विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.07.2018 | 45. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत सभी संगठनों/महिला स्वयं सहायता समूहों को दुग्ध उत्पादन योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराये जाने की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.07.2018 | 46. शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि क्या उत्तराखण्ड राज्य में सर्व शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र पोषित योजनाऐं संचालित है? यदि हां, तो जनपद हरिद्वार में इस योजना के संचालन में कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है? यदि हां, तो कहां? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>10.07.2018 | 47. शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि क्या विधान सभा भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक ग्राम सभा पुटगॉव के रा0इ0का0 पुटगॉव में प्रवक्ता के पद सृजित नहीं है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि उक्त पद कब तक सृजित होंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>10.07.2018 | 48. शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि क्या भीमताल विधान सभा के धारी ब्लाक में ग्राम सभा बवियाड के रा0इ0का0 बवियाड में प्रवक्ता के पद सृजित नहीं है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि उक्त पद कब तक सृजित होंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.07.2018 | 49. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि हरिद्वार जनपद में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों हेतु कितना धन स्वीकृत हुआ है, और उसका उपयोग किन–किन विद्यालयों में किया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगें कि झबरेड़ा विधान सभा के अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों में चार दीवारी एवं अतिरिक्त निर्माण कराये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>12.07.2018 | 50. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगें कि उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा उत्तराखण्ड के कितने हाईस्कूल, इण्टर विद्यालयों का भवन निर्माण किया जा रहा है एवं उनकी संख्या व लागत धनराशि क्या है? कितनी धनराशि अवमुक्त हो गयी है, व इनके पूर्ण होने को कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगें कि कर्णप्रयाग विधान सभा के अन्तर्गत कितने विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य किस वर्ष से चला रहे है? उनको कब तक पूरा होना था या कब तक पूर्ण होगा? क्या सरकार समय सीमा के अन्तर्गत इसको पूरा करायेगी? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.07.2018 | 51. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों के अधिनियम अध्याय 5 परिनियम एवं नियमावली के अन्तर्गत परिनियम में छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क विषय पर व्यवस्था करने हेतु परिनियम बनाने एवं उन्हें अनुमोदित कराने का क्या प्रावधान है? क्या सरकार द्वारा सभी विषय विश्वविद्यालयों को उक्त अधिनियम लागू करने हेतु निर्देशित किया गया है? यदि हां, तो कितने विश्वविद्यालयों द्वारा लागू किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>12.07.2018 | 52. **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित 01 में स्थानान्तरित**<br>क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पहाड़ में युवा प्रतिभाओं को आगे लाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम बनाने का आश्वासन किया गया था लेकिन आज भी ओखलकाण्डा, धारी, रामगढ़, भीमताल में युवाओं को खेतों तथा नदी के किनारों में खेलने जाना पड़ता है? क्या सरकार पहाड़ों में युवाओं के लिये मिनी स्टेडियम का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.07.2018 | 53. क्या खेल मंत्री अवगत है कि परम्परागत भारतीय खेल कबड्डी एवं कुश्ती उत्तराखण्ड जनपद हरिद्वार के ग्रामीण अंचलों में अत्यन्त लोकप्रिय है तथा यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाग करते है? क्या प्रतिभाओं को निखारने हेतु राज्य सरकार झबरेड़ा क्षेत्र में कबड्डी एवं कुश्ती हेतु हॉस्टल की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.07.2018 | 54. क्या सहकारिता एवं दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन एवं वितरण कार्य हेतु कितनी सहकारी संस्थाऐं कार्य कर रही है तथा उनके माध्यम से कितने लोगों को रोजगार मिल रहा है? क्या मंत्री जी इन सहकारी संस्थाओं के नाम बतायेंगें? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.07.2018 | 55. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार के नियंत्रणाधीन ''आंचल'' दूध हेतु कितने संयत्र कहां–कहां स्थापित है तथा लाभ हानि की दृष्टि से इनकी क्या स्थिति है? | दुग्ध विकास |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>17.07.2018 | 56. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राजकीय इण्टर कॉलेज गडोरा एवं राजकीय इण्टर कॉलेज पीपलकोटी में एन0सी0सी0 की शाखा खोले जाने की मांग की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्यालयों में एन0सी0सी0 की शाखाऐं खोलने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.07.2018 | 57. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत है कि कक्षा आठ के छात्रों को त्रिभाषा फार्मूले के अन्तर्गत संस्कृत की शिक्षा देने हेतु सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में संस्कृत शिक्षक नियुक्त नहीं है? क्या सरकार ने शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृत शिक्षा |
| श्री खजानदास<br>18.07.2018 | 58. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हो चुका है? यदि हां, तो कब से? क्या मंत्री जी अधिनियम लागू होने से अब तक जनपद/विद्यालयवार अध्ययनरत छात्रों की वर्षवार सूची सदन के पटल पर रखेंगें? एवं क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगें कि किन विद्यालयों में इसका पालन हो रहा है तथा | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | किन–किन विद्यालयों में नहीं? विद्यालय में अधिनियम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं का पता उनके पिता/अभिभावक के पते तथा आय तथा बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायेंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल 19.07.2018 | 59. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार के निर्णय के अनुसार प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को निःशुल्क वाई–फाई सेवा दिये जाने के अन्तर्गत कितने विश्वविद्यालयों को सुविधा दी गई तथा कितने शेष है? क्या इसमें निजी विश्वविद्यालयों भी शामिल है? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 20.07.2018 | 60. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकार द्वारा प्रदेश में ''राज्य निजी विश्वविद्यालय नियामक प्राधिकरण'' की स्थापना का आवश्वासन दिया गया था? क्या इस संबंध में सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 24.07.2018 | 61. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकार ने प्रदेश में गरीब व मेधावी छात्र–छात्राओं को निःशुल्क लैपटाप व स्मार्टफोन देने का निर्णय किया है? यदि हां, तो अब तक कितने छात्र–छात्राओं को इससे लाभान्वित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 25.07.2018 | 62. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कुल कितने सहकारी बैंक सी0बी0एस0 प्रणाली से जुड़ चुके हैं तथा कितने शेष बचे है? शेष बचे बैकों को कब तक सी0बी0एस0 प्रणाली से जोड़ा जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल 26.07.2018 | 63. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत एस0एस0ए0–पैसिफिक टून बुक बैंक योजना के अन्तर्गत कितने विद्यालयों में बुक बैंक स्थापित किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 27.07.2018 | 64. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकार द्वारा सभी महाविद्यालयों में ई–लाइब्रेरी की स्थापना हेतु घोषणा की गई है? क्या सभी महाविद्यालयों में ई–लाईब्रेरी की स्थापना हो चुकी है? यदि हां, तो कितने महाविद्यालयों में? यदि नहीं, तो कब तक होगी? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.07.2018 | 65. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि छठे वेतन आयोग की संस्तुति के आधार पर वेतन निर्धारण हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या–27/ग्गटप्प (7)(स्प01)2009 दिनांक 13 फरवरी 2009 के अनुसार वेतन निर्धारण हेतु दोहरे विकल्प की व्यवस्था थी परन्तु जनपद हरिद्वार में दिनांक 01.01.2006 से 13.02.2009 के मध्य प्रोन्नत/चयन वेतनमान प्राप्त शिक्षकों से उक्त शासनादेशानुसार विकल्प पत्र नहीं भरवाये गये और न ही इसकी जानकारी संबंधित शिक्षकों को दी गई जबकि उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो गई थी, एवं जिसे 6 वर्ष बाद संशोधित करते हुए दोहरे विकल्प का लाभ दिया गया? क्या सरकार उक्त शिक्षकों को वेतन निर्धारण में हो रही हानि को समाप्त कर उन्हें विकल्प पत्र भरने का अवसर प्रदान कर छठे वेतनमान का लाभ पदोन्नति/चयन तिथि से देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.07.2018 | 66. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि सहकारिता में अध्यक्ष (सभापति) पद हेतु आरक्षण की व्यवस्था है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो सभापति पद हेतु सरकार द्वारा आरक्षण की व्यवस्था की जायेगी? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.08.2018 | 67. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में जनपदवार बीएड एवं बी0पी0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगारों की कितनी संख्या है? क्या सरकार ने चरणबद्ध तरीके से इन बेरोजगारों को रोजगार देने की योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.08.2018 | 68. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि 'विद्या वीरता अभियान' के अन्तर्गत परमवीर चक्र, विक्टोरिया क्रास प्राप्त सैनिकों के छायाचित्रों को 'वाल ऑफ हीरोज' के रूप में उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थापित किया गया है? यदि हां, तो किन–किन उच्च शिक्षण संस्थानों में यह वाल स्थापित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.08.2018 | 69. खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में खिलाड़ियों की संख्या को देखते हुए सरकारी स्टेडियमों की संख्या क्या पर्याप्त है? यदि नहीं , तो क्या सरकार निजी स्टेडियम व खेल मैदान विकसित करने हेतु प्राइवेट सेक्टर को प्रोत्साहित करने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>02.08.2018 | 70. **स्थगित**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों के इण्टर कॉलेजों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है? क्या सरकार शिक्षकों की कमी और शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कोई कार्य प्रणाली अपना रही है? क्या मंत्री जी इस कार्य प्रणाली का विवरण सदन के पटल पर रखेंगें? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.08.2018 | 71. खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि उत्तराखण्ड में अत्यधिक खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने हेतु क्या सरकार कोई कार्ययोजना बनाने जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.08.2018 | 72. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें की दैवीय आपदा से बचने के लिए प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की संख्या कितनी है? सरकार गुरिल्लाओं की संख्या में वृद्धि करने के लिए क्या योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2018 | 73. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि वर्ष 2017–2018 के राज्यपाल के अभिभाषण में अतिथि शिक्षकों के समायोजन का बिन्दु था? यदि हां, तो क्या सरकार विगत 04 माह से बाहर किये गये अतिथि शिक्षकों को नियुक्ति देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2018 | 74. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि भारत सरकार द्वारा बेसिक शिक्षकों की भर्ती में बी0एड0 डिग्री धारकों को नियुक्त किये जाने हेतु छूट प्रदान कर दी गयी है? यदि हां, तो राज्य सरकार प्रदेश में बैकलाग के रिक्त शिक्षकों के पदों पर बी0एड0 डिग्राी धारकों अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>06.08.2018 | 75. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में हिन्दी, गणित, भौतिक विज्ञान हेतु दो–दो पद सृजित है? परन्तु छात्र संख्या के आधार पर हिन्दी के लिए पॉच पद, गणित हेतु तीन पद तथा भौतिक विज्ञान हेतु चार पदों की आवश्यकता है? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए हिन्दी हेतु तीन पद, गणित हेतु एक पद तथा भौतिक विज्ञान हेतु दो नये पद सृजित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>06.08.2018 | 76 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय प्राथमिक विद्यालय है जिनके भवन 20 वर्षों से ज्यादा पुराने हो चुके है? क्या इन विद्यालयों की स्थिति जीर्ण–शीर्ण है? यदि हां, तो अभी तक इन विद्यालयों के भवन निर्माण न कराये जाने का क्या कारण है? क्या सरकार इन जीर्ण–शीर्ण विद्यालयों के भवन निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>06.08.2018 | 77 क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में राजकीय इण्टर कॉलेज/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं जू0हा0 में चतुर्थ श्रेणी/चौकीदार के सृजित पदों पर कार्मिक नियुक्त है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो सरकार उक्त पदों पर कब तक नियुक्ति करेगी? | शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2018 | 78 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शासकीय/अशासकीय इण्टर कालेजों से स्वीकृत पदों के सापेक्ष शिक्षक नियुक्त नहीं है? यदि हां, तो कब तक उक्त विद्यालयों में पदों के सापेक्ष शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.08.2018 | 79 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घनश्याम खन्तवाल इण्टर कालेज असनखेत पौड़ी गढ़वाल को वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने का मामला शासन में लम्बित है? यदि हां, तो क्या सरकार इस विद्यालय को वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>07.08.2018 | 80 क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र के प्रवक्ता के दो–दो पद सृजित है, परन्तु छात्र संख्या के आधार पर राजनीति विज्ञान में 4 पद, अर्थशास्त्र में 6 पदों की आवश्यकता है? क्या छात्र–छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राज0वि0में 2 पद तथा अर्थशास्त्र | उच्च शिक्षा |

में 4 नये पद सृजित करेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>07.08.2018 | 81 क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि स्वामी विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में विज्ञान वर्ग में जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान में प्रवक्ता के एक–एक ही पद सृजित है, परन्तु छात्र संख्या के आधार पर 5 पदों की आवश्यकता है? क्या उच्च शिक्षा विभाग छात्र–छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उक्त विषयों हेतु नये पद सृजित करेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2018 | 82 क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिग सुविधा के लिए पैक्सों से 1200 माइक्रो एटीएम स्थापित करने की सरकार की जो योजना थी, वह कब तक पूरी हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.08.2018 | 83 क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सब्जी, फल, दूध, मशरूम, एरोमैटिक प्लांट्स आदि के लिए गांवों के कलस्टर लगाने की सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2018 | 84 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के ओखलकाण्डा ब्लाक के रा0इ0कालेज पुटगांव में उच्चीकरण के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इण्टर के सभी विषय व पदों का सृजन नहीं हुआ है, जिससे इण्टरमीडिएट के छात्रों को पढ़ने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या राज्य सरकार उक्त रा0इ0का0 में इण्टर मीडिएट के विषय व प्रवक्ता पदों का सृजन करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>08.08.2018 | 85 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्ला एवं सरोना का उच्चीकरण नहीं होने से विद्यार्थी अत्यधिक परेशानी में है? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्ला एवं सरोना को उच्चीकृत करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>08.08.2018 | 86 क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गढ़ी कैंट क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय नहीं होने से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अन्यत्र जाना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार गढ़ी कैंट क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय खोले जाने पर विचार करेगी? क्या सरकार गढ़ी कैन्ट स्थित गोरखा मिलिट्री इण्टरमीडिएट कालेज को उच्चीकृत कर राजकीय महाविद्यालय बनाऐगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>09.08.2018 | 87 क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अन्तर्गत श्री देव सुमन विश्वविद्यालय का एक अतिरिक्त परिसर एवं संघटक महाविद्यालय स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परन्तु आज तिथि तक भी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है? क्या सरकार की उक्त विश्वविद्यालय के निर्माण किये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 09.08.2018 | 88 सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश की सभी 759 प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने की क्या कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल 09.08.2018 | 89 **स्थगित**<br>क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि राज्य की 30 पंचायतों को ई–विलेज योजना के अन्तर्गत स्मार्ट विलेज बनाने का जो निर्णय लिया गया था, सरकार द्वारा कब तक पूरा किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल 09.08.2018 | 90 **प्रथम शुक्रवार के अतारांकित 99 में स्थानान्तरित**<br>क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रथम चरण में ठोस अपशिष्ठ प्रबंन्धन हेतु जिन 250 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जिसमें 250 ग्राम पंचायतों को नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत अच्छादित किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल 09.08.2018 | 91 क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पंचायतों द्वारा निर्गत किन–किन प्रमाण–पत्रों को ऑन लाईन किया गया है तथा किन–किन प्रमाण–पत्रों को ऑन लाईन करने की योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल 14.08.2018 | 92 विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में नवोदय विद्यालय खोलने की सरकार की क्या कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 14.08.2018 | 93 **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित 45 में स्थानान्तरित**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में अनुसूचित जाति/जन जाति वर्ग के छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए प्रयास किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 14.08.2018 | 94 क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में सालाना निरन्तर कमी आ रही है? क्या सरकार सरकारी विद्यालयों के छात्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी के लिए कोई नियम बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.08.2018 | 95 क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कितने इण्टरमीडिएट कालेज है जिनमें मानविकी विषयों की स्वीकृति प्रदान रहीं की गई है? यदि हां, तो स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.08.2018 | 96 क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में स्ववित्त पोषित विषयों (योग, बी0एड0) आदी को सामान्य विषय के रूप में संचालित किये जाने की योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी 20.08.2018 | 97 क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगें कि राज्य में प्रत्येक जिले में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के संचालन हेतु वर्ष 2015 में स्वीकृत पदों के सापेक्ष 13 विद्यालयों में स्वीकृत पदों की संख्या क्या है तथा कितने कार्यरत है? उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति के | शिक्षा |

अन्तर्गत राज्य प्रकोष्ट का क्या गठन कर लिया गया है? यदि हां, तो क्या 15 वर्षों बाद भी प्रतिनियुक्ति के भरोसे चल रहे इन विद्यालयों की स्थिति क्या है? वर्तमान में विद्यालयों की स्वीकृत छात्र संख्या, जनपद व वास्तविक रूप से विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों की संख्या क्या है? अभिभावकों द्वारा महत्वपूर्ण पदों (प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान आदि), अध्यापक व अन्य महत्वपूर्ण स्टाफ न होने से अभिभावक बच्चों को अन्यत्र भेज रहे है? क्या सरकार स्वीकृत पदों के सापेक्ष स्थायी नियुक्ति की व्यवस्था करेगी? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी–"ग''

## कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 19 सितम्बर, 2018 की बैठक में दिनांक 20 सितम्बर से दिनांक 24 सितम्बर, 2018 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः–

सितम्बर, 2018

20 (गुरूवार) विधायी कार्यः–

1. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 के विचार एवं पारण। (15 **मिनट**)
2. उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान विधेयक, 2018 के विचार एवं पारण। (30 **मिनट**)
3. उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018 के विचार एवं पारण। (15 **मिनट**)

| | |
|---|---|
| 21 शुक्रवार | **मोहर्रम अवकाश।** |
| 22 शनिवार | **अवकाश।** |
| 23 रविवार | **अवकाश।** |

24 (सोमवार) 1. विधायी कार्यः–

- उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 ) (संशोधन) विधेयक, 2018 के विचार एवं पारण। (15 **मिनट**)

2. असरकारी दिवस (आधा दिन)

निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :–

1. श्री हरबंस कूपर, ''यह सदन भारत सरकार से निवेदन करता है कि गाय को भारतीय कृषि, आर्थिकी तथा आध्यात्म का आधार होने के कारण राष्ट्रीय पशु के रूप में स्वीकृति दी जाय एवं इस राष्ट्रीय पशु के संरक्षण एवं विकास हेतु ''राष्ट्रीय गाय विकास प्राधिकरण का गठन भी किया जाय।''

2. श्री प्रीतम सिंह पंवार ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना में से प्रतिवर्ष रू0 01 करोड़ मन्दिरों तथा पंचायत स्थलों के विकास, जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, पुननिर्माण के लिए स्वीकृत किये जाने का प्रावधान किया जाय।''

3. श्री धन सिंह नेगी, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बांध विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के लिए एक कारगर नीति बनायी जाय।"

4. श्री देशराज कर्णवाल, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड कालसी एवं चकराता के मूल निवासी अछूत कोल्टा जातियों को अनुसूचित जाति में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय"।

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत जनसंख्या सम्बन्धी मानकों में और अधिक शिथिलता प्रदान करते हुए, प्रदेश के प्रत्येक गांव/तोकों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाय।"

2. श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य शराब व व्यसन मुक्त हो तभी देव भूमि की कल्पना साकार होगी।"

3. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अवस्थित भिलंगना विकास खण्ड की विषम भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत विकास खण्ड का पुनर्गठन कर पृथक से एक नया "बाल गंगा विकास खण्ड" बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय।"

4. श्री भरत सिंह चौधरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 09 जून, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि लोक निर्माण विभाग के कोर नेटवर्क में राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में केन्द्र सरकार से संशोधन का निवेदन किया जाय।"

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"देहरादून-मसूरी-सुवाखोली-अलमस-भवान-नगुण (उत्तरकाशी) मोटर मार्ग को नगुण तक तथा देहरादून-मसूरी-कैम्टीफॉल-यमुनापुल- नौगांव-बड़कोट-जानकीचट्टी मोटर मार्ग को ऑलवैदर रोड परियोजना में सम्मिलित किये जाये।"

6. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य में सड़क दुर्घटनाओं व दैवीय आपदा से मारे गये लोगों के आश्रितों को एकमुश्त एक समान धनराशि का प्राविधान होना चाहिए।''

7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के राजकीय सेवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के बैक लॉग के पदों पर विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र नियुक्तियाँ की जाय''।

8. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड जाखणीधार का भूगोल टिहरी बांध की झील बनने से अव्यवहारिक हुआ है जिसे पुनर्गठन कर मदन नेगी अथवा रजाखेत के नाम से पृथक नया विकासखण्ड बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय''।

9. काजी मौ0 निजामुद्दीन, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरान्त हुए समस्त वित्तीय घोटालों की जांच हाईकोर्ट के सेवारत न्यायाधीश से कराई जाय''।

10. श्री नवीन चन्द्र दुम्का, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विधान सभा क्षेत्र लालकुऑ के अन्तर्गत स्थित बिन्दुखत्ता तहसील लालकुऑ, जिला नैनीताल, एवं अन्य खत्तों व ऐसे अन्य गांवों जो वन भूमि पर बसे है, में निवास कर रहे नागरिकों को मूल अधिकार प्रदान करने के लिए ऐसे सम्बंधित समस्त क्षेत्रों को राजस्व गांव बनाया जाय''।

11. श्रीमती ममता राकेश, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः-

''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र आरम्भ किया जाय''।

**नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती ममता राकेश | ''यह सदन सरकार प्रस्ताव करता है, कि विधान सभा भवन भराड़ीसैंण के मुख्य परिसर का नाम भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर के नाम पर ''डा0 भीमराव अम्बेडकर विधान सभा कर दिया जाय।'' |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | श्री प्रीतम सिंह पंवार | ''यह सदन सरकार से प्रस्ताव करता है, कि राज्य में वाहन दुर्घटनाओं तथा दैवीय आपदा के अन्तर्गत मारे गये व्यक्तियों को एक समान प्रतिकर/अहेतुक सहायता राशि दिये जाने का प्राविधान किया जाय।'' |
| 3. | श्री देशराज कर्णवाल | ''यह सदन प्रस्ताव करता है, कि भारी वर्षा के कारण प्रदेश में काफी जन हानि एवं आपदा जैसे हालात पैदा हो गये हैं, जिस हेतु प्रदेश सरकार राज्य को दैवीय आपदा घोषित करते हुए केन्द्र सरकार को इस आशय का प्रस्ताव भेजे कि वे केन्द्र सरकार द्वारा इसकी भरपाई करने हेतु राज्य को विशेष अनुदान राशि मुहैया करायी जाय ।'' |
| 4. | श्री मुन्ना सिंह चौहान, | ''यह सदन प्रस्ताव करता है कि सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के बारे में सरकार द्वारा स्पष्ट व्यवस्था बनायी जाय, जिससे कि पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।'' |

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

''गंगा नदी के जल की स्वच्छता अभियान की भांति प्रदेश की सभी नदियों का स्वच्छता अभियान स्वीकृत किया जाय, एवं नदियों में निरन्तर प्रवाह बनाये रखने के लिए नदियों को आपस में जोड़ा जाय।''

2. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में अन्य प्रदेशों की भांति उत्तराखण्ड के निवासियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रदेशवासियों को यह यात्रा निःशुल्क कराने पर विचार किया जाय।''

3. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर, 2017 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

''यह सदन भारत सरकार से प्रस्ताव करता है कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जायें।''

4. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

''यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में स्थापित औद्योगिक ईकाइयों में प्रदेश के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार प्रदान करने में बाहरी प्रदेशों के बेरोजगार युवकों की अपेक्षा से अधिक अवसर प्रदान करने पर विचार किया जाये।''

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

"यह सदन प्रस्ताव करता है, कि प्रदेश में एक कार्य एक टेण्डर के स्थान पर छोटी-छोटी योजनाओं के टेण्डर पर कार्य कराये जाय।"

6. श्रीमती ममता राकेश, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चाः-

"यह सदन प्रस्ताव करता है, कि बी0डी0 इन्टर कालेज भगवानपुर, हरिद्वार में स्टेडियम निर्माण हेतु जनपद हरिद्वार में निदेशालय के अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त उक्त स्थल मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप स्टेडियम निर्माण कराने पर विचार किया जाय।"

**नियम-54 की सूचनायेंः-**

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चाः-

"प्रदेश में विशेषतः उत्तर प्रदेश की भांति किसानों का ऋण माँफ कर दिया जाय।"

2. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चाः-

"प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किया जाय।"

3. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2018 को प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर चर्चाः-

"प्रदेश की आर्थिक एवं भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए इस सदन में चर्चा कराई जाय।"